# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, अटरू जिला बारां (राज.)

**पीठासीन अधिकारीः— दिनेश कुमार मीणा आर.ए.एस.**

**प्रकरण सं0 15/2020** **दायर दिनांकः —05.11. 2020**

**उनवान**

1. रघुराजसिंह पुत्र श्री भीमसिंह जाति राजपूत निवासी मूण्डला तह0 अटरू।
2. बृजराजसिंह पुत्र श्री भीमसिंह जाति राजपूत निवासी मूण्डला तह0 अटरू जिला बारां राज0।

प्रार्थीगण

**बनाम**

1. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार साहब, अटरू जिला बारां राज0।

अप्रार्थी

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0 आर0 एक्ट**

**उपस्थिति :—**
प्रार्थी :—विद्वान अभिभाषक श्री ओमप्रकाश सिंह राठौड़।
अप्रार्थी :— विद्वान अभिभाषक पेरोकार सरकार।

**आदेश** दिनाकः 27/09/2021

पत्रावली पेश हुई, उभय पक्ष उपस्थित। संक्षिप्त में प्रकरण इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण ने यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0 आर0 एक्ट का इस आशय का पेश किया है कि प्रार्थी कम 1 की ग्राम एवं माल मूण्डला तहसील अटरू जिला बारां में खाता संख्या 160 की आराजी कुल किता 9 की 4.86 है0 स्थित है। जिसमें उसका 1/20 हिस्सा है। इसी प्रकार खाता संख्या 186 की 10 किता की 1.13 है0 स्थित है। जिसमें प्रार्थी का हिस्सा 1/88 निहित है। इसी तरह खाता संख्या 184 में कुल किता 1 की 0.05 है0 स्थित है। जिसमें प्रार्थी का 1/88 हिस्सा निहीत है। राजस्व कर्मचारियों की गलती व लापरवाही से प्रार्थी की खाता संख्या 161 में प्रार्थी का नाम रघुराज सिंह के स्थान पर गजराज सिंह दर्ज हो गया है जिसे प्रार्थी दुरूस्त करवाने का अधिकारी है। इसी तरह खाता संख्या 186 में रघुराजसिंह के स्थान पर छोटासिंह दर्ज हो गया है जिसे भी प्रार्थी दुरूस्त करवाने का कानूनन अधिकारी हैं इसी तरह खाता संख्या 184 में प्रार्थी का नाम रघुराजसिंह के स्थान पर छोटासिंह दर्ज हो गया है। उसे भी प्रार्थी दुरूस्त करवाने का कानूनी अधिकारी है। प्रार्थी कम 2 की भी खाता संख्या 186 की आराजी कुल 10 किता की 1.13 है0 ग्राम मूण्डला में स्थित है जिसमें प्रार्थी

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2021.10.08 12:58:07 IST
Reason: SelfAttested

क्रम 2 का 1/88 हिस्सा है जिस पर प्रार्थी का नाम बृजरासिंह आत्मज भीमसिंह के स्थान पर बृजेश सिंह दर्ज हो गया है जिसे प्रार्थी कानूनन दुरूस्त करवाने का अधिकारी है। इसी तरह खाता संख्या 184 में एक किता की आराजी 0.05 है स्थित है जिसमें प्रार्थी का 1/88 हिस्सा है जिसमें भी प्रार्थी का बृजराज सिंह आत्मज भीमसिंह के स्थान पर बृजेश सिंह दर्ज हो गया है जिसे प्रार्थी दुरूस्त करवाने का कानूनन अधिकारी है। प्रार्थी क्रम 1 की समस्त वोटर लिस्ट, आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजात में प्रार्थी का नाम रघुराजसिंह आत्मज भीमसिंह जाति राजपूत दर्ज है। अतः प्रार्थी उक्त तीनों खातों में रघुराजसिंह आत्मज भीमसिंह जाति राजपूत दर्ज करवाने का अधिकारी है। प्रार्थी क्रम 2 का भी समस्त दस्तावेजात वोटर लिस्ट, आधार कार्ड, पहचान पत्र, राशनकार्ड व अन्य सभी दस्तावेजात में बृजराजसिंह आत्मज भीमसिंह जाति राजपूत निवासी मूण्डला तह0 अटरू जिला बारां दर्ज है। अतः प्रार्थी खाता संख्या 186, 184 की भूमि में अपना नाम बृजराज सिंह आत्मज भीमसिंह जाति राजपूत निवासी मूण्डला दर्ज करवाने का अधिकारी है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थी क्रम 1 का खाता संख्या 160, 186, 184 ग्राम मूण्डला तह0 अटरू में स्थित आराजी में खाता संख्या 160 की आराजी में गजराजसिंह आत्मज भीमसिंह के स्थान पर रघुराजसिंह आत्मज भीमसिंह जाति राजपूत निवासी मूण्डला दर्ज किया जावे एवं खाता संख्या 186 में छोटासिंह आत्मज भीमसिंह के स्थान पर दुरूस्त कर रघुराजसिंह आत्मज भीमसिंह दर्ज किया जावे एवं खाता संख्या 184 में छोटासिंह आत्मज भीमसिंह के स्थान पर रघुराजसिंह आत्मज भीमसिंह जाति राजपूत निवासी मूण्डला तहसील अटरू दर्ज किया जावे। प्रार्थी क्रम 2 का खाता संख्या 186 में बृजेशसिंह आत्मज भीमसिंह जाति राजपूत निवासी मूण्डला दर्ज हो गया है जिसे दुरूस्त कर बृजराजसिंह आत्मज भीमसिंह जाति राजपूत निवासी मूण्डला दर्ज किया जावे। एवं खाता संख्या 184 में छोटासिंह दर्ज हो गया है जिसे दुरूस्त कर बृजराजसिंह आत्मज भीमसिंह जाति राजपूत निवासी मूण्डला तह0 अटरू जिला बारां दर्ज किया जावे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया तथा अप्रार्थी की तलबी जर्ये सम्मन की गई। अप्रार्थी द्वारा जवाब प्रार्थना पेश न करने के कारण जवाब प्रार्थना पत्र बन्द किया गया। साक्ष्यवादी के अन्तर्गत pw1 व pw2 के शपथ पत्र पेश किये गये तथा रिका[illegible] करवाया गया।

अभिभाषक प्रार्थी की ए[illegible]का बहस स[illegible]ई अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित बिन्दुओं को दोहराया तथा निवेदन किया गया कि ग्राम मूण्डला तह0 अटरू में स्थित आराजी में खाता संख्या 160 में प्रार्थी क्रम 1 का नाम गजराजसिंह के स्थान पर रघुराजसिंह तथा खाता संख्या 184, 186 में प्रार्थी क्रम 1 का नाम छोटासिंह के स्थान पर रघुराजसिंह दर्ज किया जावे। इसी प्रकार

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2021.10.08 12:58:07 IST
Reason: SelfAttested

खाता संख्या 184, 186 में प्रार्थी कम 2 का नाम ब्रजेशसिंह के स्थान पर बृजराजसिंह दर्ज किया जावे। प्रस्तुत रिकार्ड का अवलोकन किया गया। ग्राम मूण्डला की जमाबन्दी संवत 2074–2077 के खाता संख्या 160 में गजराजसिंह पुत्र भीमसिंह हिस्सा 1/20 दर्ज है, खाता संख्या 184, 186 में छोटासिंह पुत्र भीमसिंह हिस्सा 1/88 दर्ज रिकार्ड है। अन्य प्रस्तुत रिकार्ड आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयकर विभाग का पेन कार्ड, भारतीय सेना के व्यक्तिक विरण प्रमाण पत्र व शिक्षा विभाग की प्रवेशानुज्ञा प्रमाण पत्र में प्रार्थी कम 1 का नाम रघुराजसिंह पुत्र भीमसिंह दर्ज है तथा ग्राम पंचायत पटना के प्रमाण पत्र दिनांक 13.09.2021 अनुसार छोटेसिंह/ गजराजसिंह पुत्र भीमसिंह का मूल नाम रघुराजसिंह पुत्र भीमसिंह है। प्रार्थी कम 2 के पहचान पत्र, आयकर विभाग का पेन कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पी.एच.ई.डी. विभाग का बिल में प्रार्थी कम 2 का नाम बृजराज सिंह/ब्रजराज सिंह पुत्र भीमसिंह दर्ज है। तथा ग्राम पंचायत पटना के प्रमाण पत्र दिनांक 13.09.2021 अनुसार बृजेशसिंह पुत्र भीमसिंह व ब्रजराजसिंह पुत्र भीमसिंह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

अतः रिकार्ड व साक्ष्य के आधार पर न्याय हित में प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।

**–::क्रियात्मक आदेश::–**

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है विवादित आराजी ग्राम मूण्डला तहसील अटरू में प्रार्थी कम 1 का नाम खाता संख्या 160 में गजराजसिंह पुत्र भीम सिंह के स्थान पर रघुराजसिंह उर्फ गजराजसिंह पुत्र भीम सिंह, खाता संख्या 184, 186 में छोटासिंह पुत्र भीम सिंह के स्थान पर रघुराजसिंह उर्फ छोटासिंह पुत्र भीम सिंह तथा प्रार्थी कम 2 का नाम खाता संख्या 184, 186 में बृजेशसिंह पुत्र भीम सिंह के स्थान पर बृजराज सिंह उर्फ बृजेशसिंह पुत्र भीम सिंह राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के आदेश किये जाते है।

तहसीलदार अटरू को आदेश दिये जाते है कि उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करें।

Signature Not Verified

Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2021.10.08 12:58:07 IST
Reason: SelfAttested

**(दिनेश कुमार मीणा)**
**उपखण्ड अधिकारी**
**अटरू, जिला बारां**